भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1926
02 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

पूर्व सैनिकों के लिए समर्पित पोर्टल

1926. श्री बी. के. पार्थसारथी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भूतपूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसर खोजने के लिए सरकार की ओर से कोई समर्पित पोर्टल है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा पोर्टल पर पंजीकृत भूतपूर्व सैनिकों की संख्या कितनी है;

(ग) पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक रोजगार पाने वाले भूतपूर्व सैनिकों की संख्या कितनी है;

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार द्वारा ऐसे भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए कोई पोर्टल स्थापित करने की कोई योजना है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख) : पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर), भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग (डीईएसडब्ल्यू) का एक संबद्ध कार्यालय, सेवानिवृत्त होने वाले सेना कार्मिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों (ईएसएम) (नि:शक्त सैनिकों, विधवाओं और आश्रितों) का लाभकारी पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए उनके और परिवेश (कौशल विकास/प्रशिक्षण संस्थानों एवं प्रमुख नियोक्ताओं) के बीच एक इंटरफेस प्रदान करता है।

डीजीआर की अपनी एक वेबसाइट यानी dgrindia.gov.in है जिस पर भूतपूर्व सैनिकों के लिए पंजीकरण एवं रोजगार संबंधी अवसर प्रदान किए जाते हैं। इससे संबंधित विवरण नीचे दिए गए हैं :-

i. सुरक्षा अभिकरण स्कीम, सीएनजी स्टेशन का प्रबंधन, कोयला ढुलाई एवं कंपनी स्वामित्व कंपनी संचालित (सीओसीओ) तेल उत्पाद एजेंसी आउटलेट्स जैसी स्वरोजगार स्कीम।

ii. सरकारी एवं गैर-सरकारी विभागों से डीजीआर को प्राप्त रोजगार अवसर/नौकरी संबंधी रिक्तियां।

iii विभिन्न डीजीआर स्कीमों के लिए प्रायोजित किए गए भूतपूर्व सैनिकों से संबंधी नियमित अपडेट्स भी प्रदान किए जाते हैं।

जैसा कि ऊपर (i) में उल्लिखित है, डीजीआर की वेबसाइट पर केवल भूतपूर्व सैनिक अफसर ही पंजीकरण कर सकते हैं। विभिन्न स्कीमों के तहत डीजीआर की वेबसाइट पर पंजीकृत विगत पांच वर्षों के भूतपूर्व सैनिक अफसरों का ब्योरा इस प्रकार है :-

2020	2021	2022	2023	2024 (30.06.24 तक)
1087	856	910	1005	577

(ग): विगत पांच वर्षों में डीजीआर की वेबसाइट पर प्रत्येक स्कीम के लिए उपलब्ध सूचना से लाभान्वित होने वाले भूतपूर्व सैनिकों की कुल संख्या के आंकड़े अनुबंध के रूप में संलग्न हैं।

(घ) और (ड.): प्रश्न नहीं उठता।

"पूर्व सैनिकों के लिए समर्पित पोर्टल" के बारे में लोक सभा में दिनांक 02.08.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न सं. 1926 के भाग 'ग' के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

रोजगार संबंधी आंकड़े : डीजीआर

(दिनांक 30.06.2024 की स्थिति के अनुसार)

विगत पांच वर्षों में डीजीआर की वेबसाइट पर प्रत्येक स्कीम के लिए उपलब्ध सूचना से लाभान्वित होने वाले भूतपूर्व सैनिकों की कुल संख्या के आंकड़े इस प्रकार हैं :-

क्र. सं.	स्कीम का विवरण	वर्ष 2020	वर्ष 2021	वर्ष 2022	वर्ष 2023	वर्ष 2024 (जून, 2024 तक)
(क)	सुरक्षा एजेंसियाँ एवं सूचीबद्ध राज्य ईएसएम निगम	625	932	732	750	504
(ख)	सुरक्षा एजेंसी में प्रायोजित ईएसएम	32469	34338	32240	48525	17359
(ग)	कोयल कंपनियों में प्रायोजित ईएसएम	51	06	00	12	00
(घ)	कोयला कंपनियों में संबद्ध विधवा/निःशक्त ईएसएम	121	14	00	16	00
(ड.)	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर)/पुणे में संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) का प्रबंधन	45	39	47	66	00
(च)	कंपनी स्वामित्व कंपनी संचालित (सीओसीओ) स्कीम के लिए प्रायोजित (पेट्रोल पंप)	139	20	47	138	157
(छ)	तेल उत्पाद एजेंसी (ओपीए) के खुदरा आउटलेट के आबंटन के लिए पात्रता प्रमाणपत्रों का निर्गम	07	07	01	44	10
(ज)	मदर डेयरी मिल्क बूथ/सफल बूथ	340	536	835	553	209
(झ)	डीजीआर (रोजगार निदेशालय) द्वारा प्रायोजित/ प्लेसमेंट प्राप्त ईएसएम	4157	25528	8974	3388	1197
(ञ)	डीजीआर तकनीकी सेवा स्कीम	-	211	56	313	77
(ट)	प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से पीआरसी पूरा होने के बाद प्लेसमेंट	-	-	33	83	00
	कुल	37954	61631	42965	53888	19513

*****